# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 218 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 31 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


### बिचौलियों पर शिकंजा, विकास को रफ्तार

## मोदी सरकार ने पैसा खाने वालों को जेल भेजा, पूरा पैसा विकास में लग रहा : मदन राठौड़

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में स्थिर सरकार बनने से उद्योगपतियों का भरोसा मजबूत हुआ है। इसी भरोसे का नतीजा है कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट धरातल पर उतर चुके हैं। भाजयुमो के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कांग्रेस शासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि




पहले प्रदेश में अस्थिर सरकार थी, जहां उपमुख्यमंत्री ही सरकार की टांग खींचते थे और मुख्यमंत्री को होटल में बैठकर सरकार बचानी पड़ती थी। ऐसी स्थिति में कोई भी निवेशक पैसा लगाने को तैयार नहीं होता। राठौड़ ने कहा कि पहले देश में पैसा था, लेकिन बिचौलिए उसे खा जाते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई, इसलिए अब पूरा पैसा विकास में लग रहा है। जो लोग अब पैसा नहीं खा पा रहे, वही भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने कहा कि युवा मोर्चा सरकार की योजनाओं और भर्ती कैलेंडर को जन-जन तक पहुंचाएगा तथा आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कांग्रेस शासन में हुए 19 पेपर लीक का जिक्र करते हुए कहा कि भजनलाल सरकार ने माफियाओं को जेल भेजकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया है।

## चित्तौड़ रोड पर यूआईटी की बड़ी कार्रवाई, अतिक्रमण पर चला पीला पंजा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर विकास न्यास द्वारा चित्तौड़ रोड स्थित पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। सड़क सीमा में अवैध रूप से फैले ढाबों और दुकानों के पक्के-कच्चे निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। यूआईटी तहसीलदार दिनेश यादव के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में कई ढाबों के बाहर किए गए अतिक्रमण हटाए गए। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित दुकानदारों को पूर्व में नोटिस दिए जा चुके थे, लेकिन निर्देशों की अनदेखी पर यह कदम उठाया गया।

कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, जिस पर पुलिस ने स्थिति संभालते हुए एक युवक को डिटेन किया। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे जाम और हादसों की आशंका बनी रहती थी। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भीलवाड़ा में रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर अब चालान नहीं, सीधे एफआईआर

### सड़क सुरक्षा माह में पुलिस की सख्त कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीलवाड़ा जिले में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अब केवल चालान नहीं, बल्कि एफआईआर दर्ज की जाएगी। यह कार्रवाई महानिदेशक पुलिस (यातायात) राजस्थान, जयपुर के आदेशों की पालना में तथा पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव के निर्देशानुसार की जा रही है।

पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रॉन्ग साइड वाहन चलाने



प्रतीकात्मक इमेज

वाले चालकों के विरुद्ध अब मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की बजाय भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 281 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की जाएगी।

इसी क्रम में शुक्रवार को यातायात शाखा भीलवाड़ा के रामपाल, सहायक उप निरीक्षक द्वारा कृषि उपज मंडी गेट नंबर-01 से जेल चौराहा की ओर रॉन्ग साइड से वाहन चलाते पाए गए लोडिंग टेंपो को रोका गया। वाहन चालक अफजल पठान निवासी हुसैन कॉलोनी, भीलवाड़ा के विरुद्ध थाना सुभाषनगर में एवं मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वाहन को जब्त किया गया।

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहन सदैव सही साइड में चलाएं। रॉन्ग साइड वाहन चलाते पाए जाने पर धारा 281 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत एफआईआर दर्ज कर वाहन जब्त किया जाएगा तथा न्यायालय में मुकदमा चलाया जाएगा।

## धूप में लेटे व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत , साइलेंट अटैक की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**मानव तिवाड़ी।** कस्बे की इंदिरा कॉलोनी में शुक्रवार को एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों द्वारा प्रारंभिक तौर पर साइलेंट अटैक की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार इंद्रा कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय दुर्गा लाल कोली दोपहर में सिर में मेहंदी लगाकर धोने के बाद धूप में लेट गया था। इसी दौरान उसके सीने और सिर में तेज दर्द उठा। हालत बिगड़ने पर निजी



अस्पताल के कंपाउंडर को बुलाया गया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।मृतक कारीगरी का कार्य करता था। उसकी पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री कोटा में रहते हैं।

## बिजोलिया में खनन माफिया पर भारी कौन?

### खटारा वाहन, दो अधिकारी और बेखौफ अवैध बजरी परिवहन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** अवैध खनन और अवैध बजरी परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई के दावों के बीच बिजोलिया में हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। ऊपरमाल पत्थर खान व्यवसायी संघ सेवा संस्थान के मंत्री एवं प्रवक्ता रामप्रसाद विजयवर्गीय ने खान विभाग की जमीनी स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि अवैध खनन रोकना केवल इच्छाशक्ति का विषय है, तो फिर बिजोलिया में वह इच्छाशक्ति दिखाई क्यों नहीं देती?

विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के राजस्व में तीसरे स्थान पर रहने वाला खान विभाग आज खुद संसाधनों की भारी कमी से जूझ रहा है। बिजोलिया खान विभाग के पास वर्षों पुराना एक खटारा वाहन है, जो तीन लाख किलोमीटर से अधिक चल चुका है। स्थिति यह है कि अवैध बजरी परिवहन में लगे तेज रफ्तार वाहनों का पीछा करते समय यह वाहन रास्ते में ही जवाब दे देता है। ऐसे हालात में अवैध परिवहन पर अंकुश लगाना केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह जाता है। उन्होंने बताया कि बिजोलिया सहित प्रदेश के अधिकांश खनि अभियंता कार्यालयों में केवल दो तकनीकी अधिकारी ही तैनात हैं। इन्हीं अधिकारियों को कार्यालयीन कार्य, फील्ड में सीमांकन, नए खनिज क्षेत्रों का चयन, शिकायतों का निस्तारण, ऑनलाइन पोर्टल का संचालन, बकाया वसूली, अवैध खनन स्थलों की जांच, वाहन जब्ती और थानों में एफआईआर दर्ज कराने जैसी जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं। एक वाहन को जब्त कर थाने में एफआईआर दर्ज कराने में ही पूरा दिन निकल जाता है। विजयवर्गीय ने हाल ही में ब्यावर में खान विभाग के अधिकारियों के साथ हुई मारपीट और विभागीय वाहन में तोड़फोड़ की घटना का उल्लेख करते हुए चेताया कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसी घटनाएं बिजोलिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी दोहराई जा सकती हैं। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर स्पष्ट जवाबदेही तय करने की मांग की।

उन्होंने मांग की कि बिजोलिया सहित अवैध बजरी दोहन और परिवहन के संवेदनशील इलाकों में पुलिस बटालियन की स्थायी तैनाती की जाए। यदि इसके बावजूद अवैध गतिविधियां जारी रहती हैं, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

विजयवर्गीय ने कहा कि विभाग में ईमानदारी से कार्य करने वाले अधिकारियों का मनोबल बढ़ाना बेहद जरूरी है। पुलिस विभाग की तर्ज पर खान विभाग के तकनीकी अधिकारियों को भी गैलेंट्री अवार्ड दिए जाने चाहिए, ताकि वे दबाव और भय से मुक्त होकर अपने सरकारी दायित्वों का निर्वहन कर सकें।


# कोहरे ने ली तीन ज़िंदगियाँ, कोठारी पुलिया बनी मौत का जाल

### मांडल में भीषण हादसाः शून्य दृश्यता में भिड़े आधा दर्जन वाहन, दर्जनभर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मांडल क्षेत्र में छाया घना कोहरा शुक्रवार सुबह लोगों के लिए काल बनकर टूटा। दृश्यता लगभग शून्य होने के कारण कोठारी पुलिया पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां एक के बाद एक वाहन आपस में टकराते चले गए। कुछ ही पलों में पुलिया भयावह मंजर में तब्दील हो गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय अचानक कोहरा इतना घना हो गया कि सामने कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे वाहन ब्रेक नहीं लगा सके और टकराव का सिलसिला शुरू हो गया। देखते ही देखते कार, पिकअप और अन्य वाहन एक-दूसरे से भिड़ गए।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कई लोग क्षतिग्रस्त वाहनों में फंस गए। पुलिया पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही मांडल डिप्टी राहुल जोशी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया।

घायलोंतकसीर (32) पुत्र तोकिर निवासी बरेली ,जहीर (35) पुत्र इजराइल अहमद निवासी बरेली , खतिफ पुत्र रफीक निवासी बरेली , नीलम (38) पत्नी राकेश गुर्जर निवासी चित्तौड़ एवं गंगादेवी (70)पत्नी लालाराम गुर्जर निवासी चित्तौड़ को एंबुलेंस के जरिए मांडल और भीलवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां घायलो का उपचार जारी है। मृतकों

पोलूराम (45) पुत्र करणसिंह रावत निवासी माताजी खेड़ा, भिनाय, अजमेर सुनील (33) पुत्र खेमराज कुमावत निवासी कल्याण थाना क्षेत्र, मुंबई एवं राकेश के शवों को मोर्चरी में रखवाया गया । हादसे में शामिल कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर घंटों बाद यातायात सुचारू कराया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा और तेज रफ्तार सामने आया है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

# टैक्स मंत्रा

## केंद्रीय बजट 2026 से एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की अपेक्षाएँ:

### कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और व्यावसायिक-अनुकूल बनाने की आवश्यकता

केंद्रीय बजट 2026 ऐसे समय में प्रस्तुत होने जा रहा है जब भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिरता की ओर बढ़ रही है, परंतु करदाताओं और पेशेवरों के समक्ष अनुपालन (Compliance) का बोझ निरंतर बढ़ता जा रहा है। एक प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में यह अपेक्षा की जाती है कि यह बजट न केवल राजस्व संग्रह पर केंद्रित हो, बल्कि Ease of Doing Business, Ease of Compliance और Trust-based Tax Regime को भी सशक्त बनाए।

1. प्रत्यक्ष कर (Direct Tax) में अपेक्षाएँ

• नई कर व्यवस्था (New Tax Regime) को और अधिक आकर्षक व व्यावहारिक बनाया जाए, ताकि करदाता भ्रम की स्थिति से बाहर आ सकें।

• बेसिक छूट सीमा (Basic Exemption Limit) को वर्तमान महँगाई को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जाना आवश्यक है।

• मानक कटौती (Standard Deduction) को सभी करदाताओं के लिए यथोचित रूप से बढ़ाया जाए।

• छोटे करदाताओं के लिए सरल रिटर्न फॉर्म तथा कम नोटिस-आधारित प्रणाली लागू की जाए।

• अनावश्यक पेनल्टी और ब्याज प्रावधानों की समीक्षा कर उन्हें तर्कसंगत बनाया जाए।

2. अप्रत्यक्ष कर (GST) से जुड़ी प्रमुख अपेक्षाएँ

GST लागू हुए कई वर्ष हो चुके हैं, परंतु आज भी इसमें व्यावहारिक कठिनाइयाँ बनी हुई हैं।

• GST दरों का युक्तिकरण (Rate Rationalisation) कर बहु-दर संरचना को सरल किया जाए।

• इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) से जुड़े विवादास्पद प्रावधानों को स्पष्ट किया जाए।

• छोटे व्यापारियों के लिए वार्षिक रिटर्न और ऑडिट प्रक्रिया को सरल किया जाए।

• अनावश्यक नोटिस, पोर्टल त्रुटियाँ और तकनीकी समस्याओं से करदाताओं को राहत दी जाए।

3. पेशेवरों और MSME सेक्टर के लिए अपेक्षाएँ

• चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी और अन्य पेशेवरों के लिए प्रोफेशनल रिस्क को देखते हुए Reasonable Compliance Protection दी जाए।

• MSME सेक्टर के लिए टैक्स ऑडिट लिमिट को और बढ़ाया जाए।

• देरी से भुगतान की समस्या को हल करने हेतु MSME भुगतान कानूनों को और प्रभावी बनाया जाए।

4. विवाद निपटान और न्यायिक सुधार

• Faceless Assessment और Appeal System को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए।

• पुराने लंबित मामलों के निपटान हेतु Dispute Resolution Schemes पुनः लाए जाएँ।

• विभागीय अपीलों में कमी लाने के लिए मौद्रिक सीमा (Monetary Limits) को बढ़ाया जाए।

5. डिजिटल और विश्वास-आधारित कर प्रणाली

• कर प्रशासन को Inspector Raj से मुक्त कर Trust-based Tax Administration को बढ़ावा दिया जाए।

• पोर्टल-आधारित अनुपालन को स्थिर, उपयोगकर्ता-अनुकूल और त्रुटिरहित बनाया जाए ।



सीए लविश चावला
(ए.सीए, एम कॉम, बी कॉम, सी.सी.सी.ए.बी)
calavishchawla@gmail.com

# क्रिकेट सट्टेबाजी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों का हिसाब बरामद

## 6 गिरफ्तार , 49 मोबाइल व लैपटॉप जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



क्रिकेट मैचों के दौरान शहर में पनप रहे अवैध ऑनलाइन सट्टे पर अंकुश लगाने के लिए भीमगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 49 एंड्रॉयड मोबाइल, 3 लैपटॉप, 2 टैबलेट, संबंधित इलेक्ट्रॉनिक एसेसरिज एवं करोड़ों रुपये के लेन-देन का हिसाब-किताब बरामद किया है। पुलिस द्वारा गठित टीम ने 29 जनवरी को नेहरू विहार, स्थित एक मकान पर दबिश दी, जहां तीन कमरों में टेबल-कुर्सियों पर लैपटॉप व बड़ी संख्या में मोबाइल विद्युत प्रणाली से जुड़े हुए पाए गए। मौके पर मौजूद व्यक्ति मोबाइल व लैपटॉप के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए मिले, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त सट्टे की खाईवाली व लगाईवाली कर भाव बताकर लोगों को रकम दांव पर लगाने के लिए प्रेरित कर रहे थे तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी के इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों का दुरुपयोग कर दोषपूर्ण लाभ व दोषपूर्ण हानि का खेल खेला जा रहा था। तलाशी के दौरान सट्टे से संबंधित सामग्री व करोड़ों रुपये के हिसाब-किताब बरामद कर जब्त किए गए तथा गोविन्द पुत्र पुरुषोत्तम तेजवानी (42), निवासी सुभाषनगर, भीलवाड़ा ,चन्दन पुत्र जगदीश फतनानी (25), शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा ,तरुण पुत्र नरेश कुमार करनानी (27), शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा, मूलचन्द पुत्र गोविन्दराम (40), शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा , आरिफ अंसारी पुत्र मोहम्मद असलम (44), मोमीन मोहल्ला, भीलवाड़ा एवं कमलेश पुत्र धर्मराज कलवानी (31), नाथद्वारा सराय, भीलवाड़ा सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।

## जुआ-सट्टे पर कार्रवाई : 6 जुआरी गिरफ्तार, 13 हज़ार से अधिक रुपये नकद व ताश की गड्डी जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सुभाषनगर थाना पुलिस ने जुआ-सट्टे पर कार्रवाई करते हुए ताश पर तीन पत्ती का जुआ खेल रहे छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 13,830 रुपये की जुआ राशि एवं 52 पत्तों की ताश की गड्डी जब्त की है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा 30 जनवरी को हल्का गश्त के दौरान अंजुमन स्कूल परिसर की दीवार की आड़ में बैठे कुछ व्यक्तियों को ताश पर जुआ खेलते हुए की । पुलिस ने मौके से बबलु पठान, मतीन अहमद, अबराज मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अनस, वसीम खान एवं आसिफ शेख को गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर संगठित रूप से शर्त लगाकर जुआ खेला जा रहा था, जिससे एक पक्ष को लाभ एवं दूसरे को हानि होना पाया गया। पुलिस ने जुआ सामग्री व नकद राशि को सबूत के तौर पर जब्त कर मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की गई है, जिसमें कुछ आरोपियों का पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड पाया गया है, जबकि अन्य के विरुद्ध कोई पूर्व रिकॉर्ड नहीं है।

# गोपालपुरा पंचायत के प्रशासक बने अशोक

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।



**नरेश धाकड़** पंचायत समिति क्षेत्र की गोपालपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच रामलाल धाकड़ के निधन के बाद पंचायत राज विभाग के आदेशानुसार उपसरपंच अशोक धाकड़ ने शुक्रवार को गोपालपुरा ग्राम पंचायत के प्रशासक का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण किया।

ग्राम विकास अधिकारी गोपाललाल धाकड़ ने अशोक धाकड़ को प्रशासक पद का कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर गोपालपुरा एवं माजी साहब का खेड़ा सहित आसपास के ग्रामीणों ने अशोक धाकड़ का स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण समारोह के दौरान पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार भील, नरेश धाकड़, रामस्वरूप किराड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने आशा जताई कि अशोक धाकड़ के नेतृत्व में पंचायत के विकास कार्यों को गति मिलेगी और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान होगा।

# पंडेर प्रशासक ममता जाट को हटाने के आदेश पर रोक, फिलहाल पद पर बनी रहेंगी

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत पंडेर, पंचायत समिति जहाजपुर की प्रशासक एवं निवर्तमान सरपंच ममता जाट को प्रशासक पद से हटाने के जारी आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। यह रोक राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा पारित आदेश के बाद लगाई गई है।

ममता जाट ने अपने पद से हटाए जाने के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में एसबी सिविल रिट याचिका दायर की थी। न्यायालय के आदेश की पालना में पंचायती राज विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी आदेश तक ममता जाट को प्रशासक पद से हटाने की कार्रवाई स्थगित रहेगी।

उधर, जिला परिषद भीलवाड़ा की ओर से भी एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें आगामी आदेश तक निलंबन की कार्रवाई पर रोक लगाए जाने की पुष्टि की गई है।

इस आदेश के बाद ममता जाट फिलहाल ग्राम पंचायत पंडेर की प्रशासक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेंगी।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रुप में मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( **सांवर वैष्णव** ):- कस्बे सहित आसपास के विद्यालयों में शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रुप में मनाया गया । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनकाखेड़ा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद दिवस मनाया गया, उप प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस दौरान बच्चों को महात्मा गांधी जी की देश के प्रति उपलब्धियां, उनकी शहादत, त्याग और बलिदान के बारे में बताया गया । वरिष्ठ अध्यापक राजेंद्र कुमार मीना व हरि प्रकाश सुवालका ने सभी शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की व रामधुनी के बाद दो मिनट मौन रखा । इस अवसर पर दया शंकर खोईवाल, चिन्मेश कुमार, शांता त्रिपाठी, जयश्री, ममता तंवर, भंवर लाल जाट आदि स्टाफ उपस्थित रहा ।।

# परिवारिक विवाद में तेजाब फेंकने वाले आरोपी को 10 साल की सजा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



पारिवारिक विवाद के चलते अपनी ही बहन और भानजे पर तेजाब फेंकने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने कांवाखेड़ा निवासी राधेश्याम रेगर को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के साधारण कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभयकुमार जैन ने सुनाया।

लोक अभियोजक रघुनंदनसिंह कानावत ने बताया कि यह घटना 23 मई 2020 की शाम की है। कांवाखेड़ा कच्ची बस्ती निवासी रामेश्वरी देवी अपने पुत्र प्रहलाद के साथ घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान उनका भाई राधेश्याम रेगर वहां पहुंचा और पूर्व विवाद के चलते तेजाब फेंक दिया। हमले में प्रहलाद की आंख पर तेजाब गिरा, जबकि रामेश्वरी देवी की चुन्नी व कपड़े झुलस गए। दोनों को गंभीर जलन और आंखों में परेशानी होने पर पड़ोसियों की मदद से महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अगले दिन पीड़िता की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर एसिड की बोतल बरामद की। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए तथा 19 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।भीलवाड़ा।

लंबी सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए कठोर सजा सुनाई।

# बिजोलिया में शहीद दिवस पर महात्मा गांधी व अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**रमेश गुर्जर** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह उपखण्ड कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर नमन किया गया।

शहीद दिवस पर उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधीजी के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राजस्व विभाग, पंचायत समिति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के शहीदों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया।



QUICK BITES

# नंदराय विद्यालय में विद्यार्थियों को हेल्थ केयर किट का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंदराय में व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। योजना के तहत कक्षा 10 के 27 विद्यार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से हेल्थ केयर सेक्टर से संबंधित किट वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षक अभय शर्मा ने विद्यार्थियों को योजना की जानकारी देते हुए बताया कि हेल्थ केयर किट के माध्यम से छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा वर्मा, कौशल मित्र अंतिमा मुंदड़ा, व्यावसायिक प्रशिक्षक अभय शर्मा, लेक्चरर राम प्रकाश तेली, राजकुमार शेखावत एवं उपसरपंच देवेंद्र कुमार सेन उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को किट वितरित की गई।

# कृषि महाविद्यालय का भूमि पूजन आज, क्षेत्र को मिलेगा शैक्षणिक विस्तार

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।




पिपलुंद में प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय का भूमि पूजन शनिवार को किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा मुख्य अतिथि एवं विधायक गोपीचंद मीणा उपस्थित रहेंगे।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र खटीक ने बताया कि क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय की स्थापना विधायक गोपीचंद मीणा के सतत प्रयासों का परिणाम है। क्षेत्र में अब कुल तीन महाविद्यालय हो जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

कार्यक्रम के तहत कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा शनिवार सुबह 10 बजे अमरवासी राजकीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 4 बजे पिपलुंद पहुंचकर कृषि महाविद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मंत्री क्षेत्र के अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

भूमि पूजन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहेंगे।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विधानसभा में गूंजा भीलवाड़ा की 100 फीट रोड का मुद्दा

## विधायक अशोक कोठारी ने शून्यकाल में सरकार का ध्यान कराया आकर्षित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




शहर की बहुप्रतीक्षित 100 फीट रोड के निर्माण में हो रही देरी का मामला राजस्थान विधानसभा में गूंजा। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान जनहित की इस महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकर्षित किया।

विधायक कोठारी ने सदन में कहा कि जब भूमि का मूल स्वामी स्वयं राज्य सरकार है और उसी भूमि का हस्तांतरण एक विभाग से दूसरे विभाग को किया जाना है, तब विभागीय समन्वय के अभाव में जनहित की परियोजनाओं का अटक जाना अत्यंत चिंताजनक है।

उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा के मास्टर प्लान में स्वीकृत 100 फीट रोड, जो एमटीएम से संतोषी माता मंदिर होते हुए हाईवे तक जुड़ती है, उसके निर्माण में पुलिस लाइन की कुछ भूमि आ रही है। इस क्षेत्र में 50 हजार से अधिक आबादी निवास करती है तथा प्रतिदिन 10 हजार से अधिक लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं।

विधायक ने सदन को अवगत कराया कि मास्टर प्लान में सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव पूर्व में स्वीकृत हो चुका है और लगभग छह माह पूर्व कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है, लेकिन पुलिस विभाग द्वारा भूमि हस्तांतरण नहीं किए जाने के कारण यह परियोजना पिछले पांच माह से ठप पड़ी हुई है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में यह सड़क 30 से 40 फीट चौड़ी थी, लेकिन रेलवे लाइन के डबलिंग कार्य के दौरान लगाए गए बैरिकेड्स के कारण अब कई स्थानों पर सड़क की चौड़ाई घटकर मात्र 10 से 15 फीट रह गई है। इससे आए दिन यातायात जाम और सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है।

विधायक कोठारी ने बताया कि बीते पांच माह से वे स्वयं एवं स्थानीय प्रशासन उच्च अधिकारियों से लगातार संपर्क कर रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि क्षेत्रवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग की भूमि का शीघ्र हस्तांतरण कराया जाए, ताकि 100 फीट रोड का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ हो सके।

साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए यह नियम बनाया जाए कि जब राज्य सरकार के एक विभाग से दूसरे विभाग को जनहितार्थ भूमि का हस्तांतरण किया जाना हो, तो वह अधिकतम एक माह की समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे विकास परियोजनाएं अनावश्यक रूप से लंबित न रहें।

विधानसभा में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि अब 100 फीट रोड का निर्माण कार्य शीघ्र गति पकड़ेगा और शहरवासियों को यातायात समस्या से राहत मिलेगी।

# कोटड़ी में बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ

## कक्षा 9 की 69 छात्राओं को मिली साइकिल, ब्लॉक में 1238 साइकिलें होंगी वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेंद्र बबलू पोखरना**



कस्बे के शरबती गाड़ोदिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 69 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान प्रधान करण सिंह कानावत ने कहा कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। बालिका के शिक्षित होने से पूरे परिवार में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

पूर्व प्रधान जमना लाल डीडवानिया, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन एवं महामंत्री धर्मचंद जीनगर ने कहा कि निःशुल्क साइकिल योजना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी उपस्थिति और शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा।

विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने कोटड़ी ब्लॉक में किए गए नवाचारों की जानकारी देते हुए बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने ब्लॉक के विद्यालयों में किए जा रहे शैक्षणिक सुधार, आधुनिकीकरण एवं नवाचारों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र हाड़ा, मन की बात संयोजक जंतर सेठी, अरविंद प्रजापत, प्रधानाचार्य अंजू अजमेरा, संजना व्यास सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने बताया कि ब्लॉक में निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कुल 1238 साइकिलों का वितरण चरणबद्ध रूप से किया जाएगा।

# मरू महोत्सव 2026 में शाहपुरा की शान फिर चमकी

## शाहपुरा बियर्ड क्लब की दाढ़ी-मूंछ परंपरा ने जैसलमेर में बटोरी तालियां

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**



जैसलमेर में आयोजित ऐतिहासिक मरू महोत्सव 2026 में इस बार शाहपुरा की पहचान पूरे शान-ओ-शौकत के साथ गूंज उठी। शाहपुरा बियर्ड क्लब ने अपनी पारंपरिक दाढ़ी-मूंछ संस्कृति से ऐसा रंग जमाया कि पूरा मंच तालियों की गड़गड़ाहट से भर उठा।

30 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित इस राजस्थानी कला-संस्कृति के महाकुंभ में क्लब के चर्चित लोक कलाकार व कला-प्रेमी एडवोकेट दीपक पारीक ने मरूश्री एवं मूंछ प्रतियोगिता में भाग लेकर दर्शकों और निर्णायकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया है । दीपक पारीक की लंबी, घनी और सजी-संवरी दाढ़ी-मूंछ जैसे ही मंच पर आई, मानो परंपरा स्वयं चलकर सामने आ गई हो। उनकी शख्सियत, राजस्थानी ठाठ और आत्मविश्वास ने मंच पर ऐसा समा बांधा कि हर ओर 'वाह-वाह' की गूंज सुनाई दी और तालियां थमने का नाम नहीं ले रही थीं।

क्लब के संस्थापक एवं 'मिस्टर बियर्ड मैन' के नाम से मशहूर डॉ. इशाक खान ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि एडवोकेट दीपक पारीक ने मरूधरा की रेत पर एक बार फिर शाहपुरा का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि मरू महोत्सव राजस्थान की आत्मा है, जहां मरूश्री व मिस मूमल जैसी प्रतियोगिताएं हमारी लोक परंपराओं को जीवंत रखती हैं। शाहपुरा बियर्ड क्लब इस सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए हर मंच पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।


उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी शाहपुरा बियर्ड क्लब के कलाकार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। स्वयं डॉ. इशाक खान तीन बार, जबकि धीरज पारीक और प्रवीण सुखवाल एक-एक बार शाहपुरा का नाम रोशन कर चुके हैं। इसी क्रम में अब एडवोकेट दीपक पारीक ने इस परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

गौरतलब है कि शाहपुरा केवल ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि कला और संस्कृति की भी सशक्त पहचान है। दाढ़ी-मूंछ की परंपरा हो, रंगकर्म हो या साहित्य हर क्षेत्र में शाहपुरा ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। मरू महोत्सव 2026 में मिली यह उपलब्धि इसी जीवंत सांस्कृतिक चेतना का प्रमाण है।

# आकोला में 1 फरवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन , तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे कार्यकर्ता

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

**जसवंत पारीक**



कस्बे में आगामी 1 फरवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आयोजन समिति सहित कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

सम्मेलन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे कस्बा स्थित छलमाता मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई बनास नदी के किनारे स्थित तेजाजी चौक पहुंचेगी।

तेजाजी चौक पर संतों के सानिध्य में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धर्म, संस्कृति और समाज से जुड़े विषयों पर प्रवचन होंगे। धर्मसभा के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार सम्मेलन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं तथा आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# सड़क सुरक्षा अभियान पर प्रशासन सख्त

## अवैध कट बंद करने, ब्लैक स्पॉट सुधार व यातायात नियमों की सख्ती के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अवैध कट बंद करने, ब्लैक स्पॉट सुधारने और यातायात नियमों की सख्ती से पालना कराने के निर्देश दिए गए। कलक्टर ने पुर रोड सहित विभिन्न मार्गों पर अवैध कट बंद करने, डिवाइडरों पर स्विस टाइप बोलार्ड व हैजार्ड मार्क लगाने तथा स्पीड ब्रेकर हटाकर जेब्रा क्रॉसिंग कराने के निर्देश दिए। अवैध कट खोलने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई जारी रखने पर जोर दिया गया। बैठक में शहरी व राष्ट्रीय राजमार्गों के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर स्थायी व अस्थायी सुधार कार्य कराने, ट्रैफिक लाइट, रोड लाइनिंग, जेब्रा क्रॉसिंग व सफाई कार्य दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों द्वारा वाहन लाने पर चालान व अभिभावकों को समझाइश करने तथा गुड सेमेरिटन योजना के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया।नो-पार्किंग, रॉन्ग साइड, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई, चालान व लाइसेंस निलंबन के निर्देश दिए गए। साथ ही निराश्रित पशुओं को कैटल हाउस पहुंचाने, अतिक्रमण हटाने और प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा हुई।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फोकस इम्पेक्ट: खबर के बाद चम्बल विभाग ने सुधारी लाइन, जलापूर्ति से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।**


चम्बल के पानी को तरसे उरना निवासी, कई दिनों से जलापूर्ति ठप

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

ग्राम पंचायत बाकरा के राजस्व गांव उरना में चम्बल जलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पिछले कई दिनों से चम्बल का पानी नहीं मिलने के कारण गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। हालात यह हैं कि ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे आमजन को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वार्ड पंच रतनलाल प्रजापत ने चम्बल का पानी तत्काल शुरू करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई, लेकिन चम्बल विभाग द्वारा अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई। विभागीय लापरवाही के चलते आमजन की दैनिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर वैकल्पिक जल व्यवस्था कराने और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

ग्राम पंचायत बाकरा के राजस्व गांव उरना में चम्बल जलापूर्ति को लेकर लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान सामने आया है। भीलवाड़ा फोकस में खबर प्रकाशित होने के बाद चम्बल विभाग हरकत में आया और दूरस्थ लाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति पुनः शुरू कर दी गई।

लाइन दुरुस्त होते ही उरना, शेरपुरा, भौंरन, कांस्या, कानीराड़ी, भील बस्ती सहित अन्य गांवों में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। कई दिनों से चले आ रहे पेयजल संकट के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जो अब काफी हद तक दूर हो गई हैं।

चम्बल विभाग के सुपरवाइजर नरेश मीणा ने बताया कि शेरपुरा के पास मुख्य लाइन फूट गई थी। आवश्यक सामग्री बाहर से मंगवानी पड़ी, इसी कारण मरम्मत में कुछ समय लग गया। उन्होंने कहा कि आगे से नियमित निगरानी एवं समय पर रखरखाव किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो।

जलापूर्ति बहाल होने के बाद क्षेत्र में जनजीवन सामान्य होता नजर आ रहा है। पूर्व सरपंच राकेश खटीक, वार्ड पंच रतन लाल सहित ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए चम्बल विभाग का आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने कहा कि समय पर समाचार प्रकाशन से प्रशासन तक समस्या पहुंची और त्वरित समाधान संभव हो सका, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने गोशाला में किया गौ सेवा कार्यक्रम

## जीव दया प्रोजेक्ट के तहत हरणी महादेव रोड स्थित श्रीकृष्ण गोशाला में आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा जीव दया प्रोजेक्ट के अंतर्गत शुक्रवार को हरणी महादेव रोड स्थित श्री कृष्ण गोशाला में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गोशाला में रह रही गायों को हरा चारा, गुड़ एवं पौष्टिक आहार खिलाया गया। साथ ही गोशाला परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया।

बंब ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और यह मानव अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण नैतिक दायित्व भी है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीए महावीर गांधी एवं विशिष्ट अतिथि ललित आंचलिया ने अपना वक्तव्य रखा । इस अवसर पर परिषद की महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीमाल, सुनीता गांधी, अलका बंब, नेहा पोखरना, जिला महामंत्री ललित लोढ़ा, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, कमल वैशनानी, जिला सचिव अभिषेक पोखरना, संगठन मंत्री ज्ञानचंद पगारिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

## दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को किया नमन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहीद दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित गांधी पार्क में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर देश की स्वतंत्रता, अखंडता एवं एकता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण एवं उपस्थित नागरिकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान रामधुनी एवं गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन भी किया गया।

# छालर घटियाली देवनारायण कांस्या में तेरस बंधेज पर भव्य कलश यात्रा व बिंदौली निकली

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ**



क्षेत्र के छालर घटियाली देवनारायण कांस्या में शुक्रवार को देवनारायण तेरस बंधेज के अवसर पर महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान देवनारायण के ध्वज की शोभायात्रा भी आयोजित हुई, जिसमें हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

बंधेज से जुड़े कमलेश साहू ने बताया कि कलश यात्रा के दौरान पांच घोड़ियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर आकर्षक करतब दिखाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा, वहीं शनिवार को पूर्णाहुति के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महंत सुरेश दास महाराज तथा विशिष्ट अतिथि हेमराज पोशवाल रहेंगे।

## QUICK BITES

### मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा ।**




**(गोपाल )** मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम हुरड़ा में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग से एएनएम, आशा सहयोगिनी तथा शिक्षा विभाग से प्रतिनिधि एवं सेक्टर के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में समुदाय को जागृत करने हेतु जानकारियां दी गई ।कुपोषण के दुष्परिणाम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना योजना में मिलने वाली वित्तीय सहायता, पूरक पोषाहार, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों के प्रथम हजार दिवस पर देखभाल, प्रेरणा अभियान व अन्य विषयों पर जानकारी दी गई ।

### नयागांव में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, 300 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**




**नरेश धाकड़** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर शुक्रवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आदर्श धाकड़ विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, नयागांव में आयोजित हुआ।

शिविर के तहत पीएलवी रामबाबू माथुर, अंजली नायक, एडवोकेट रामफूल धाकड़, सुनील जोशी, नरेश सिंह तंवर, मनीष धाकड़, गौरव शर्मा एवं सुनील स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को बाल विवाह की रोकथाम, परीक्षाओं में अनुचित साधनों के दुष्परिणाम, मतदान के महत्व तथा बालिकाओं की विधिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यनारायण धाकड़, बालूलाल धाकड़, रमेश प्रजापत, अनीता सैन, गायत्री शर्मा, पंकज सोनी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। शिविर में लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विधिक जानकारी प्राप्त की।

### संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**एडीएम की अध्यक्षता में विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम (शहर) प्रतिभा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की स्थिति, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान एडीएम प्रतिभा ने बिजली विभाग, नगर परिषद, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, चिकित्सा, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

एडीएम ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर किए गए निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। उन्होंने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने पर जोर दिया।

बैठक में समस्त संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन द्वारा तीन कन्याओं का कन्यादान

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**




संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन द्वारा सेवा व संवेदना की भावना को साकार करते हुए तीन कन्याओं का कन्यादान गोखरू भवन, शास्त्री नगर में श्रद्धा व गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। संगिनी अध्यक्षा पुष्पा गोखरू ने बताया कि कन्याओं को वैवाहिक जीवन की शुरुआत हेतु पलंग, अलमारी, साड़ियाँ, बर्तन, ज्वैलरी सहित आवश्यक गृहस्थी सामग्री भेंट की गई। सचिव प्रमिला गोखरू ने इस सेवा कार्य में संगिनी बहनों के योगदान की सराहना की।

मनीष बंब ने आयोजन को सामाजिक सेवा व नारी सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। अंत में शकुन्तला साँखला ने आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।